—: प्रेस नोट :—

राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड द्वारा कनिष्ठ अभियन्ता (कृषि) सीधी भर्ती परीक्षा, 2015 का आयोजन दिनांक **12 जुलाई 2015** को किया जा रहा है। बोर्ड के अध्यक्ष आर.के.मीना द्वारा बताया गया कि आवेदक अपना प्रवेश पत्र दिनांक **05 जुलाई, 2015** से बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in से डाउनलॉड कर लें। बोर्ड द्वारा प्रवेश पत्र अलग से प्रेषित नहीं किये जायेंगे। यह भी बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए अपने साथ डाउनलोड किये गये प्रवेश–पत्र, अपना फोटोयुक्त पहचान का एक दस्तावेज और नवीनतम रंगीन फोटो भी लेकर आयें। परीक्षा में उपयोग हेतु नीला बॉल पैन परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र पर ही उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षा केन्द्र पर मोबाईल, स्वयं का बालपेन पूर्णतः निषेध है। अतिरिक्त आई.डी. कार्ड परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के दौरान चैक किया जायेगा। परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र पर प्रातः 09:30 बजे उपस्थिति देवें। जिन विशेष योग्यजन परीक्षार्थी को श्रुतलेख अनुमत है, वे इस हेतु परीक्षा दिवस से तीन दिन पूर्व केन्द्राधीक्षक को सक्षम चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र के साथ अपना आवेदन प्रस्तुत करें।

सचिव